**SET-4**

**Series GBM**

**कोड नं.**
**Code No.** **200**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **3** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# आशुलिपि (हिन्दी)
## (सैद्धान्तिक)

# SHORTHAND (HINDI)
## (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 30*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

**1.** सरल रेखाओं पर स वृत्त कैसे लगाया जाता है ? $\frac{1}{2}$

**2.** अकेले होने पर हल्के व्यंजनों को किन व्यंजनों के योग के लिए आधा किया जाता है ? $\frac{1}{2}$

**3.** 'व' अथवा 'य' का योग करने के लिए सीधी रेखाओं में अंतिम हुक किस ओर लगाया जाता है ? $\frac{1}{2}$

**4.** द्विस्वर क्या होते हैं ? इनको आशुलिपि में किस प्रकार दर्शाते हैं ? $\frac{1}{2}$

**5.** न का हुक सरल रेखाओं के किस ओर लगाया जाता है ? $\frac{1}{2}$

**6.** कौन-से आधे व मोटे व्यंजन ऊर्ध्वमुखी नहीं लिखे जाते हैं ? $\frac{1}{2}$

**7.** किसी शब्द का अर्थ बदलने या उसमें कुछ जोड़ने के लिए उसके पूर्व लगाए जाने वाले अक्षर या शब्द को क्या कहते हैं ? एक उदाहरण दीजिए । *1*

**8.** आशुलिपि में 'व्यंजन पर काट' का प्रयोग क्यों किया जाता है ? *1*

**9.** अवधारणा या पुनरुक्ति से आप क्या समझते हैं ? चार अवधारणा वाले शब्द व उनके आशुलिपि रूप लिखिए । *2*

**10.** ब तथा न व्यंजन रेखाओं से काट का उपयोग किन शब्दों के लिए किया जाता है ? दो-दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *2*

**11.** 'म्प' तथा 'म्ब' रेखा को दुगुना करने से किस ध्वनि का योग होता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**12.** 'यथा' तथा 'नव' को उपसर्ग के रूप में उपयोग करके दो-दो शब्द तथा उनके आशुलिपि रूप लिखिए । *2*

**13.** 'कार' तथा 'पूर्वक' का प्रत्यय के रूप में उपयोग कर दो-दो शब्द बनाइए और उनके आशुलिपि रूप दीजिए । *2*

**14.** अन्तिम छोटा हुक किन-किन व्यंजनों को प्रकट करता है ? सरल तथा वक्र रेखाओं में इस हुक का उपयोग करने के नियम बताइए । इस हुक के स्थान पर स वृत्त लगा दिया जाए, तो क्या पढ़ा जाएगा ? *5*

**15.** उपसर्ग तथा प्रत्यय में अन्तर बताइए । कोई ऐसा एक शब्द या शब्द खंड बताइए जिसे उपसर्ग एवं प्रत्यय दोनों के रूप में प्रयोग किया जा सकता हो और उसके दो उदाहरण उनके आशुलिपि रूप बनाते हुए दीजिए । *5*

**16.** निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : *5*

(क) शिलान्यास

(ख) पुनर्मूल्यांकन

(ग) प्रतिनिधिमंडल

(घ) पुष्पांजली

(ङ) जन्म-दिवस

(च) प्रार्थना-पत्र

(छ) जन्म-जन्मांतर

(ज) विनम्रता

(झ) भ्रष्टाचार

(ञ) हिताकांक्षी

**अथवा**

वाक्यांश निर्माण का क्या अर्थ है ? आशुलिपि में वाक्यांशों को किस प्रकार लिखा जाना चाहिए ? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए ।